EDII

Dwrip Samachar – Andaman and Nicobar

February 13, 2026
Page No.01

स्टार्ट–अप विलेज उद्यमिता कार्यक्रम को प्रारंभ करने के उद्देश्य से अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के दौरे पर आए उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला (पीएचडी–मनोविज्ञान) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज लोक निवास, श्री विजय पुरम में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर माननीय उप राज्यपाल ने महानिदेशक कार्यालय से आग्रह किया कि द्वीपसमूह में एक "हस्तशिल्प संवर्धन संस्थान" की स्थापना की जाए, क्योंकि द्वीपों में विविध प्रकार के "जीआई टैग प्राप्त उत्पाद" उपलब्ध हैं।